मार्ला रुज़िका

(1977-2005)

अमेरिकी नेतृत्व वाले आक्रमण के बाद से आधुनिक इराक एक युद्ध क्षेत्र रहा है. अपने पड़ोसी कुवैत पर इराक के आक्रमण के जवाब में, 1991 में, अमेरिका ने इराक पर आक्रमण किया.

2003 में, इराक के तानाशाह सद्दाम हुसैन को सत्ता से हटाने के लिए अमेरिका ने इराक पर एक और सैन्य आक्रमण का नेतृत्व किया. सद्दाम हुसैन के आधीन इराकी लोगों को बहुत कम स्वतंत्रता हासिल थी. लोग, सद्दाम हुसैन के खिलाफ अपना मुंह तक नहीं खोल सकते थे. जो ऐसा करते उन्हें कैद में डाल दिया जाता या मार डाला जाता था. इराक में कुछ जातीय समूहों, जैसे कुर्दों को, हुसैन की सेना द्वारा नियमित रूप से मार डाला जाता था. बहुत कम लोग ही इस बात से असहमत होंगे कि सद्दाम हुसैन एक भयानक नेता थे. हालाँकि, कई लोग इस बात से असहमत हैं कि अमेरिका को सद्दाम हुसैन को सत्ता से हटाने के लिए इराक पर आक्रमण करना चाहिए था या नहीं. उसके लिए अमेरिका को अन्य देशों से बहुत कम समर्थन मिला था. ज्यादातर लोग सोचते हैं कि अमेरिका ने, इराक में अच्छा करने से ज्यादा नुकसान पहुंचाया. हालांकि, अभी भी कई अमेरिकी ऐसा मानते हैं कि अमेरिकी सेना ने इराकी लोगों की मदद की थी. उनका मानना है कि इराकी आजादी के लिए अमेरिकी सैनिकों ने अपनी जान जोखिम में डाली और अपनी जानें कुर्बान कीं.

एक बात निश्चित है: किसी भी युद्ध में, निर्दोष लोगों को मुश्किलें ज़रूर झेलनी पड़ती हैं - ऐसे साधारण लोग जो अपने दैनिक जीवन के बारे में सोचते हैं. यहां तक कि सेना के जनरलों का भी कहना है कि युद्ध में आम लोग भी ज़ख़्मी होते हैं. इराक में सैकड़ों हजारों निर्दोष लोग घायल हुए और मारे गए. और कुछ ऐसे अमेरिकी भी हैं जिन्होंने इन निर्दोष पीड़ितों की मदद करने के लिए अपना जीवन समर्पित किया है. ऐसी ही एक अमेरिकी थीं - मारिया रुज़िका.

2001 में, मारिया रुज़िका एक चौबीस वर्षीय, सुनहरे बालों वाली कैलिफ़ोर्निया में रहने वाली महिला थी, जो युद्ध के कारण हुई पीड़ा से बहुत परेशान थी.

उसने अपनी भावनाओं को क्रिया में बदलने का फैसला किया. फिर वो युद्ध के निर्दोष पीड़ितों की मदद करने के लिए अफगानिस्तान गईं. 2003 में, वो अपने प्रयासों को, उससे भी खतरनाक युद्ध क्षेत्र इराक में ले गईं. बिना बंदूक लिए, कैलिफोर्निया की मुस्कान के साथ, मारिया इराक में घर-घर गयीं, यह देखने के लिए कि युद्ध से कौन आहत हुआ था. एक इराकी अनुवादक की मदद से उन्होंने लोगों से बातें कीं, उनकी कहानियाँ सुनीं और यह पता लगाया कि कौन मारा गया, घायल हुआ, या खो गया था. और उन्होंने ऐसा तब किया, जब उनके ऊपर से गोलियां निकल रही थीं ....

जैसे ही उन्होंने यह जानकारी एकत्र की, उन्होंने अमरीकी सरकार में लोगों को इसकी सूचना दी. सीनेटर पैट्रिक लेही की मदद से, वो इन निर्दोष इराकी पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए दो करोड़ डॉलर की सहायता प्राप्त करने में सक्षम रहीं. अमेरिकी सेना के साथ काम करते हुए, उन्होंने सुनिश्चित किया कि वो पैसा सही लोगों में वितरित हो. पत्रकारों के साथ काम करते हुए, उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि उन इराकी लोगों की कहानियाँ, कहीं खो न जाएँ.

मारिया रुज़िका इराक में होने के जोखिमों को वैसे ही जानती थीं जैसे कोई सैनिक युद्ध के जोखिमों को जानता है. उनका जीवन, बहुत संक्षिप्त था और निस्वार्थता का एक स्मारक था.